भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः †6062**

उत्तर देने की तारीख 01 अप्रैल, 2026 (बुधवार)

11 चैत्र, 1948 (शक)

**प्रश्न**

**उत्तर-पूर्वी राज्यों को आवंटित और जारी की गई धनराशि**

†6062. **प्रो. सौगत रायः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पाँच वर्षों के दौरान उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डीओएनईआर) की योजनाओं के अंतर्गत उत्तर-पूर्वी राज्यों को आवंटित और जारी की गई कुल धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में क्रियान्वित विकास कार्यक्रमों के रोजगार सृजन और आर्थिक विकास पर प्रभाव के संबंध में कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उत्तर-पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस) के अंतर्गत स्वीकृत अवसंरचना परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने उत्तर-पूर्वी परिषद द्वारा कार्यान्वित परियोजनाओं की प्रगति और प्रभावशीलता की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) पिछले पाँच वर्षों के दौरान, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की स्कीमों के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों को आवंटित और जारी की गई कुल निधि का विवरण निम्नानुसार है:

(रुपये करोड़ में)

| | **संशोधित अनुमान** | **व्यय** |
|---|---|---|
| **2021-22** | 2624.36 | 2624.05 |
| **2022-23** | 2715.17 | 1076.04 |
| **2023-24** | 5849.40 | 1944.91 |
| **2024-25** | 3966.00 | 3416.55 |
| **2025-26** | 4445.00 | 4182.63* |

*26 मार्च, 2026 तक

(ख) आईआईएम शिलांग ने वर्ष 2025 में उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा लागू की गई सभी स्कीमों का तृतीय पक्ष मूल्यांकन किया। इसके अलावा, समय-समय पर किए गए आकलन और मूल्यांकन अध्ययनों से यह पुष्टि हुई है कि उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की विभिन्न स्कीमों के तहत

किए गए उपायों ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में रोज़गार सृजन और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सड़क, पुल और बिजली आपूर्ति जैसी अवसंरचना परियोजनाओं ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार के अवसर पैदा किए हैं, जबकि आजीविका और कौशल विकास से जुड़ी पहलों ने भी युवाओं और महिलाओं के बीच रोज़गार पाने की क्षमता को बढ़ाने में योगदान दिया है, जिससे उद्यमिता और स्वरोज़गार के अवसरों को बढ़ावा मिला है।

(ग) पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआईडीएस) को वर्ष 2017-18 में केंद्रीय क्षेत्र की एक नई स्कीम के रूप में अनुमोदित किया गया और वर्ष 2022-23 में इसे दो घटकों अर्थात एनईएसआईडीएस (सड़कें) और एनईएसआईडीएस (सड़कों के अलावा अन्य अवसंरचना) में पुनर्गठित किया गया। एनईएसआईडीएस स्कीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण इस प्रकार है:

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **एनईएसआईडीएस (ओटीआरआई)** | | **एनईएसआईडीएस(सड़कें)** | | **कुल** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **परियोजनाओं की संख्या** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)** | **परियोजनाओं की संख्या** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)** | **परियोजनाओं की संख्या** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में)** |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 19 | 580.96 | 22 | 681.15 | 41 | 1262.11 |
| 2 | असम | 30 | 1347.33 | 18 | 1317.83 | 48 | 2665.16 |
| 3 | मणिपुर | 21 | 549.12 | 9 | 254.70 | 30 | 803.82 |
| 4 | मेघालय | 12 | 506.89 | 6 | 223.32 | 18 | 730.21 |
| 5 | मिजोरम | 22 | 499.92 | 8 | 303.02 | 30 | 802.94 |
| 6 | नागालैंड | 13 | 251.83 | 16 | 462.88 | 29 | 714.71 |
| 7 | सिक्किम | 6 | 221.68 | 5 | 264.01 | 11 | 485.69 |
| 8 | त्रिपुरा | 16 | 548.56 | 9 | 358.15 | 25 | 906.71 |
| **कुल** | | **139** | **4506.29** | **93** | **3865.06** | **232** | **8371.35** |

(घ) सरकार ने उत्तर पूर्वी परिषद द्वारा लागू की गई परियोजनाओं की प्रगति और कारगरता की नियमित रूप से समीक्षा की है। अक्तूबर 2025 से शुरू करते हुए, उत्तर पूर्वी परिषद/उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के अधिकारियों और तृतीय पक्ष निरीक्षण दलों यानी क्षेत्र स्तरीय तकनीकी सहायता इकाइयों (एफटीएसयू), परियोजना गुणवत्ता प्रबंधन (पीक्यूएम), तृतीय पक्ष तकनीकी निरीक्षण (टीपीटीआई) द्वारा सभी 271 जारी परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया है। परियोजनाओं के भौतिक निरीक्षण के साथ-साथ मंत्रालय में उच्चतम स्तर पर साप्ताहिक समीक्षाओं के परिणामस्वरूप परियोजनाओं के समय पर कार्यान्वयन/समापन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

*****